NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/71/21

Date : 4.5.2021

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– कोरोना से संक्रमित हो रहे रेल कर्मचारियों को स्पेशल CL दिया जाना।

महोदय,

NCRES को अवगत कराना है कि कोविड–19 का नया वेरियन्ट बेहद घातक एवं संक्रामक है जो कि पूरे देश में वृहद रूप से फैला है, और इसके कारण नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के तमाम कर्मचारी कोरोना से ग्रसित है एवं बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी एवं उनके परिजन इस बीमारी में अपनी जान गवां चुके है।

NCRES को खेद के साथ यह भी अवगत कराना है कि कोविड–19 को वैश्विक महामारी मानने के बावजूद इससे ग्रसित लोगो को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में स्पेशल CL नही दिया जा रहा है, जो उचित नही है।

यहाँ यह कहना अति महत्वपूर्ण है कि कोरोना होने के बावजूद तमाम कर्मचारी जिनके पास छुट्टी नही बची है, अथवा वे कर्मचारी जो नई भर्ती में आये है या ऐसे कर्मचारी जो रिटायर होने के कगार पर है एवं उनके पास छुट्टी बेहद कम है, वे मजबूरी में दवा खा–खाकर ड्यिूटी कर रहे है, जिसके कारण कोरोना संक्रमण फैल कर अन्य कर्मचारियों को प्रभावित कर सकता है। इसके अतिरिक्त तमाम ऐसे भी कर्मचारी है जिनके परिवार में लोग कोरोना से ग्रसित है परन्तु वे छुट्टी न मिलने अथवा छुट्टी न होने के कारण लगातार ड्यिूटी कर रहे है, इस कारण भी कोरोना संक्रमण अन्य कर्मचारियों में फैल सकता है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में किसी भी रेल कर्मचारी को कोरोना होने पर या उसके परिजन को कोरोना होने पर उसे क्वारन्टीन मानते हुये स्पेशल CL दिये जाने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करे ताकि इस जानलेवा बीमारी के फैलाव को रोका जा सके एवं रेल परिवार सुरक्षित रह सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री